

केविन मैलाय बने न्यूजीलैंड क्रिकेट के नए अध्यक्ष, डायना पुकेतापु-लिंडन का नौ साल का कार्यकाल पूरा

वेलिंगटन

केविन मैलाय को न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) का नया अध्यक्ष चुना गया है। डायना पुकेतापु-लिंडन के बोर्ड से हटने के बाद 132वीं वार्षिक आम बैठक के तुरंत बाद हुई बोर्ड की बैठक में मैलाय को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। पुकेतापु-लिंडन ने निदेशक के रूप में अधिकतम नौ वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद पद छोड़ा है।

पुकेतापु-लिंडन 2017 में न्यूजीलैंड क्रिकेट के बोर्ड से जुड़ी थीं। वर्ष 2023 में वह एनजेडसी की अध्यक्ष बनने वाली पहली महिला और माओरी मूल की पहली व्यक्ति बनी थीं। मैलाय 2019 से बोर्ड के निदेशक हैं और इससे पहले उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं।

मैलाय ने न्यूजीलैंड, न्यूयार्क, हांगकांग और लंदन में विज्ञापन एवं विपणन के क्षेत्र में काम किया है। उन्होंने वैश्विक मीडिया एजेंसी स्टारकाम के साथ 29 वर्ष बिताए। इस दौरान वह अंतरराष्ट्रीय परिचालन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और कोका-कोला तथा प्राक्टर एंड गैंबल के वैश्विक खातों के निदेशक रहे। उन्होंने विवाकी के आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड परिचालन के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया। वह सुपर रग्बी पैसिफिक के अध्यक्ष के रूप में अपना तीन वर्ष का कार्यकाल दिसंबर में पूरा करेंगे। इसके अलावा वह कीवीबैंक और टूरिज्म न्यूजीलैंड के बोर्ड में भी शामिल हैं।

न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने उनकी नियुक्ति पर जारी बयान में कहा, वह खेल प्रशासन में मजबूत पृष्ठभूमि के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक नेतृत्व का तीन दशकों का अनुभव इस पद पर लेकर आए हैं।

रेविन लवेट और जोनो ब्रेंट बोर्ड में शामिल - बोर्ड नियुक्ति पैनल की सिफारिश पर रेविन लवेट ओएनजेडएम और जोनो ब्रेंट को बोर्ड का नया सदस्य चुना गया। वहीं, तीन वर्ष के कार्यकाल के नवीनीकरण के लिए सामने आईं अन्ना कैंपबेल और अली शैंक्स को दोबारा चुना गया। माइक डेवोनशायर का कार्यकाल भी नवीनीकरण के लिए आया था, लेकिन पैनल ने उन्हें दोबारा नियुक्त करने की सिफारिश नहीं की। वह तीन वर्ष की सेवा के बाद बोर्ड से बाहर हो गए।

बोर्ड ने रेविन लवेट के बारे में कहा, लवेट के पास न्यूजीलैंड और अंतरराष्ट्रीय खेलों में दो दशक से अधिक का प्रशासनिक अनुभव है। वह स्पोर्ट न्यूजीलैंड, हाई परफार्मेंस स्पोर्ट न्यूजीलैंड और नेटबाल न्यूजीलैंड की अध्यक्ष रह चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं और खेल पर अंतरराष्ट्रीय कार्य समूह की सह-अध्यक्षता भी की है।

जोनो ब्रेंट के बारे में बोर्ड ने कहा, ब्रेंट चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में मुख्य कार्यकारी के रूप में काम कर चुके हैं। उन्होंने तीन वर्ष तक कैंटरबरी क्रिकेट की अध्यक्षता की और पिछले 12 महीनों से कम्युनिटी क्रिकेट न्यूजीलैंड की रणनीति तैयार करने का नेतृत्व कर रहे हैं।

डायना के योगदान के लिए मैलाय ने जताया आभार - नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के बाद मैलाय ने कहा, मैं सबसे पहले डायना को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने इस बोर्ड को नौ वर्ष की सेवाएं दीं और खेल के हालिया इतिहास के सबसे चुनौतीपूर्ण दौर में वास्तविक साहस के साथ नेतृत्व किया। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व करने का अवसर मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं इस जिम्मेदारी को इस गहरी समझ के साथ स्वीकार करता हूं कि यह खेल न्यूजीलैंड के बहुत से लोगों के लिए कितना मायने रखता है। उन्होंने आगे कहा, पिछले तीन वर्षों में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए मैं माइक डेवोनशायर को धन्यवाद देता हूं। मैं रेविन और जोनो का भी स्वागत करना चाहता हूं, जो प्रशासन, वित्तीय प्रबंधन और सामुदायिक क्रिकेट का शानदार अनुभव लेकर आए हैं। मैलाय ने कहा कि वैश्विक क्रिकेट के मौजूदा परिदृश्य में न्यूजीलैंड क्रिकेट के लिए बदलावों के अनुरूप खुद को ढालना जरूरी है। उन्होंने कहा, क्रिकेट का परिदृश्य यहां और दुनिया भर में तेजी से बदल रहा है।

न्यूज ब्रीफ

मुंबई इंडियंस, नये कप्तान का चयन सोच समझकर समय आने पर करेगी



मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2027 से ठीक पहले कप्तान हार्दिक पांड्या के पंजाब किंग्स में जाने से अब मुंबई इंडियंस को नये कप्तान की घोषणा करनी है। इसी को लेकर फ्रैंचाइजी प्रबंधन का कहना है कि सोच विचार के बाद ही सही समय पर नये कप्तान की घोषणा कर दी जाएगी। इस घोषणा के बाद से ही पांच बार टीम को खिताब जिताने वाले रोहित शर्मा की कप्तानी में वापसी की चर्चाऐं शुरु हो गयी हैं। रोहित के अलावा सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और युवा तिलक वर्मा भी कप्तान के दावेदार माने जा रहे हैं। मुंबई इंडियंस ने कहा है कि आगामी सत्र को देखते हुए फ्रेंचाइजी अपने कप्तानी विकल्पों का आंकलन सोच-समझकर करेगी। टीम की कप्तानी को लेकर घोषणा समय आने पर ही की जाएगी। यह बयान दर्शाता है कि टीम मैनेजमेंट किसी भी जल्दबाजी में नहीं है और वे टीम के भविष्य के नेतृत्व के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प तलाश रहे हैं। फ्रेंचाइजी के लिए यह फैसला आगामी रिटेंशन डेडलाइन और मिनी आक्शन की रणनीति के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आईपीएल 2027 के लिए खिलाड़ियों को रिटेन करने की अंतिम तारीख 17 नवंबर है, जबकि 16 दिसंबर को गोवा में मिनी आक्शन का आयोजन किया जाएगा। ऐसे में, मुंबई इंडियंस को अपनी टीम का संयोजन और उसके नेतृत्व दोनों को इन महत्वपूर्ण तिथियों से पहले तय करना होगा।

अगले माह होंगे भारतीय ओलंपिक संघ चुनाव, 30 महासंघ करेंगे मतदान

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद के बहुप्रतीक्षित चुनाव 5 दिसंबर को होने जा रहे हैं, जिसमें देश के 30 राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के प्रतिनिधि नए नेतृत्व का चुनाव करेंगे। हालांकि, इस चुनावी प्रक्रिया में राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई), भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) और इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) जैसे कुछ महत्वपूर्ण खेल महासंघों को अपनी आंतरिक समस्याओं के कारण मतदान से बाहर कर दिया गया है।, जिससे आगामी चुनावों में कुछ बड़े खेलों की अनुपस्थिति स्पष्ट हो गई है। कुल 71 मतदाता आईओए के अगले शीर्ष अधिकारियों का चुनाव करेंगे। इसमें मुक्केबाजी महासंघ को उसकी गहरी आंतरिक गुटबाजी के चलते बाहर रखा गया है, जो भारतीय मुक्केबाजी के लिए एक चिंताजनक स्थिति पैदा करता है। इसी प्रकार, तदर्थ समिति द्वारा संचालित टीटीएफआई को भी मतदान का अधिकार नहीं मिला है। इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) के मामले में बाधा यह है कि इसके एक गुट को आईओए और दूसरे को खेल मंत्रालय ने मान्यता दे रखी है, जिसके परिणामस्वरूप उसे भी निर्वाचक मंडल से बाहर रखा गया है। यह उन महासंघों के लिए एक स्पष्ट संदेश है जिन्हें अपनी आंतरिक संरचनाओं को ठीक करने की आवश्यकता है ताकि वे भारतीय ओलंपिक परिवार का सक्रिय हिस्सा बने रह सकें।

मयंक चतुर्वेदी अकादमी ने पहली पारी में बनाए 268 रन

भोपाल। भोपाल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित डॉ. गोविन्द नारायण सिंह 'दाऊ साहेब' इंटर क्लब अंडर-15 बहुदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी और अंकुर क्लब के बीच मुकाबला बाब-ए-अली मैदान पर खेला जा रहा है। टॉस जीतकर मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 90 ओवर में नौ विकेट पर 268 रन बनाए। टीम की शुरुआत खराब रही और बिना खाता खोले पहला विकेट गिर गया। इसके बाद तन्मय सिंह ने 147 गेंदों पर 54 रन की संयमित पारी खेली। अरनव धाकड़ ने 72 गेंदों में आठ चौकों की मदद से नाबाद 51 रन बनाए। दक्ष वसिष्ठ ने 41, आहद खान ने 42 और निशांत पंचवानी ने 35 रन का योगदान दिया।

अंकुर क्लब की ओर से प्रयाग जरीवाला ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 18 ओवर में 52 रन देकर तीन विकेट लिए। भाव्य अग्रवाल ने दो विकेट हासिल किए, जबकि मोक्ष मनवानी, रोहित अहिरवार और सुहान यूसुफ को एक-एक सफलता मिली।

जवाब में अंकुर क्लब ने दिन का खेल समाप्त होने तक सात ओवर में एक विकेट खोकर छह रन बनाए। सुहान यूसुफ चार रन बनाकर नाबाद हैं। विराट बिस्वास एक रन बनाकर अरनव धाकड़ की गेंद पर बोल्ड हुए।

मैच शुरू होने से पहले भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष जुनैद किदवई और भोपाल डिवीजन जूनियर टीम के चयनकर्ता जितेंद्र प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिए केएल राहुल हो सकते हैं पहली पसंद : आकाश चोपड़ा

नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2027 के रिटेंशन की समयसीमा से पहले ऋषभ पंत को ट्रेड के जरिए टीम में वापस शामिल कर लिया है। सौरव गांगुली, युवराज सिंह, अमित मिश्रा और चामिंडा वास जैसे दिग्गजों से सजे नए कोचिंग स्टाफ के बीच अब टीम की कप्तानी और बल्लेबाजी क्रम को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और जियोस्टार विशेषज्ञ आकाश चोपड़ा का मानना है कि मौजूदा परिस्थितियों में केएल राहुल दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के प्रबल दावेदार हो सकते हैं।

जियोस्टार के कार्यक्रम गेम प्लान में आकाश चोपड़ा और अभिनव मुकुंद ने पंत की वापसी के बाद दिल्ली कैपिटल्स के संभावित बल्लेबाजी संयोजन, अब तक हुए दो ट्रेड और टीम के कप्तानी विकल्पों पर चर्चा की।

आकाश चोपड़ा ने दिल्ली की कप्तानी को लेकर कहा, वास्तव में यहां कई सवाल हैं। यह बहुविकल्पीय प्रश्न जैसा है कि कप्तान कौन होगा ऋषभ पंत कप्तानी के दावेदार रहे हैं, केएल राहुल भी एक विकल्प हैं और मैं सुन रहा हूं कि अक्षर कप्तान नहीं बनना चाहते। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए यह भी स्पष्ट नहीं है कि टीम की कप्तानी कौन करेगा। फिलहाल केएल राहुल कप्तान हो सकते हैं।

उन्होंने आगे कहा, अब जब आपने ऋषभ पंत को ट्रेड के जरिए टीम में शामिल किया है, तो उन्हें शीर्ष चार में बल्लेबाजी करनी चाहिए। यदि आप उन्हें इससे नीचे बल्लेबाजी कराते हैं, तो उनकी क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। मुझे लगा कि उस ट्रेड में लखनऊ सुपर जायंट्स को ज्यादा फायदा हुआ, क्योंकि उस पिच के लिए कुलदीप जैसे स्तर के गेंदबाज के बदले आप इससे



ज्यादा की उम्मीद नहीं कर सकते थे।

चोपड़ा ने दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी पर चिंता जताते हुए कहा कि टीम के सामने तेज गेंदबाजी का सही संयोजन तैयार करने की चुनौती होगी। उन्होंने खास तौर पर मिचेल स्टार्क की उपलब्धता पर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा, आशुतोष, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स और अक्षर पटेल के अलावा आपके पास डेविड मिलर भी हैं। इसलिए बल्लेबाजी का संयोजन काफी अच्छा है। उनके लिए समस्या का क्षेत्र गेंदबाजी विभाग होगा। मिचेल स्टार्क खेलेंगे या नहीं, यह एक बड़ा सवाल होगा। उनकी उपलब्धता को लेकर चर्चा करनी पड़ेगी। इस सत्र में उन्हें अपनी तेज गेंदबाजी और उसे मजबूत करने की योजना को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वे इसे कैसे संभालेंगे, मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है।

चोपड़ा ने खिलाड़ियों पर खर्च की गई रकम का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, मुकेश कुमार आठ करोड़ रुपये में हैं, आकिब नबी 8.4 करोड़ रुपये में हैं और मिचेल स्टार्क की कीमत करीब 12 करोड़ रुपये है। यह काफी बड़ी रकम है। लुंगी एनगिडी को दो करोड़ रुपये में सस्ते में लिया गया था और वह शानदार सौदा साबित हुए। दुश्मंथा चमीरा और काइल जैमीसन भी ज्यादा महंगे नहीं थे। लेकिन महंगे खिलाड़ी शायद उपलब्ध न हों। उनकी क्षमता और मौजूदा फार्म को लेकर भी अनिश्चितता है। मुकेश कुमार के टी20 आंकड़ों में भी थोड़ी गिरावट आई है।

पंत और राहुल से पारी की शुरुआत कराने के पक्ष में मुकुंद - अभिनव मुकुंद ने पंत की वापसी के बाद दिल्ली कैपिटल्स को शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी संयोजन पर दोबारा विचार करने की सलाह दी। उन्होंने पंत को शीर्ष तीन में खिलाने और केएल राहुल के साथ पारी की शुरुआत कराने का सुझाव दिया।

मुकुंद ने कहा, मैं चाहूंगा कि ऋषभ शीर्ष तीन में बल्लेबाजी करें। यदि दिल्ली कैपिटल्स इस क्षेत्र में बदलाव करना चाहती है, तो पंत और राहुल से पारी की शुरुआत क्यों नहीं कराई जाए इस टीम के साथ मैं सबसे पहले यही करना चाहूंगा, क्योंकि मुझे मध्यक्रम के बल्लेबाजों को लेकर थोड़ी परेशानी महसूस हुई। टीम में शीर्ष क्रम के इतने सारे विकल्प हैं।

उन्होंने कहा, पृथ्वी शा, नितीश राणा, अभिषेक पोरेल, पथुम निसांका, करुण नायर और साहिल परख जैसे खिलाड़ी हैं, जो शीर्ष तीन में बल्लेबाजी करते हैं। ऐसे में आप ऋषभ पंत जैसे बल्लेबाज को भी शीर्ष क्रम में खिलाना चाहेंगे, क्योंकि अब आपने उन्हें टीम में शामिल किया है। पिछले दो वर्षों में चौथे और पांचवें नंबर पर उन्हें बहुत ज्यादा सफलता नहीं मिली है। हालांकि, दिल्ली में यह स्थिति बदल सकती है, क्योंकि अपने शुरुआती वर्षों में वह दिल्ली के लिए मध्यक्रम में काफी सफल रहे थे।

मुकुंद ने आगे कहा, यदि आप उन्हें चौथे नंबर पर खिलाना चाहते हैं, तो उन्हें वहीं रखें। इससे आपके पास बाकी कई विकल्पों का इस्तेमाल करने का मौका होगा। इसके अलावा टीम में नया सहयोगी स्टाफ भी है, जिसमें दादा, युवी पा और अन्य लोग शामिल हैं। इसलिए उनकी रणनीति क्या होगी, यह कहना मुश्किल है। हमें इंतजार करना होगा कि वे किस तरह की टीम तैयार करते हैं।

अभिनव मुकुंद ने टी. नटराजन को सनराइजर्स हैदराबाद के साथ ट्रेड कर जीशान अंसारी को टीम में शामिल करने के दिल्ली कैपिटल्स के फैसले पर भी हैरानी जताई। उन्होंने कहा, मैं काफी हैरान था कि उन्होंने नटराजन को रिलीज किया या यूं कहें कि जीशान अंसारी के बदले ट्रेड कर दिया। उनके पास पहले से ही विप्रज निगम हैं, जो काफी हद तक वैसे ही खिलाड़ी हैं। वह लेग स्पिनर हैं और बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। अक्षर पटेल, विप्रज और अब कितने स्पिनरों को आप टीम में खिलाएंगे मुझे लगा कि इस ट्रेड से सनराइजर्स हैदराबाद को दिल्ली कैपिटल्स की तुलना में ज्यादा फायदा हुआ है।

न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ चौथे और पांचवें वनडे के लिए ब्रेट रैंडेल को किया टीम में शामिल

वेलिंगटन



भारत के खिलाफ चौथे और पांचवें वनडे मुकाबले के लिए न्यूजीलैंड ने अपनी टीम में बदलाव किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल करने की घोषणा की। इसके अलावा जोश क्लार्कसन को भी सीरीज के पांचवें और अंतिम वनडे के लिए टीम में वापस बुलाया गया है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक पदार्पण नहीं करने वाले रैंडेल हाल ही में डर्बीशायर की ओर से काउंटी चैंपियनशिप में खेलकर लौटे हैं। उनसे इस सीरीज में न्यूजीलैंड के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने की उम्मीद है।

वहीं, क्लार्कसन न्यूजीलैंड के लिए अब तक छह वनडे मुकाबले खेल चुके हैं। उन्होंने आखिरी बार इस साल अप्रैल में बांग्लादेश के खिलाफ राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था।

इन दोनों खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने का फैसला चोटों की समस्या, खासकर तेज गेंदबाजी विभाग में खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण लिया गया है।

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच राब वाल्टर ने कहा, जब किसी खिलाड़ी को पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह मिलती है, तो यह हमेशा खास मौका होता है। हम ब्रेट के लिए बहुत खुश हैं। वह पिछले कुछ समय से घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने इस अवसर को हासिल किया है।

उन्होंने कहा, पूरी सीरीज के दौरान टीम में कुछ बदलाव हुए हैं। ऐसे में हम भाग्यशाली हैं कि ब्रेट और जोश को टीम में शामिल कर सके। इस सप्ताहांत मौसम अच्छा रहने की उम्मीद है। हमें उम्मीद है कि सीरीज का समापन शानदार अंदाज में होगा।

चौथे और पांचवें वनडे के लिए नार्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के पाथवे कोच मिच रेनविक और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच कोरी माइल्स भी राब वाल्टर और मार्टिन गुप्टिल के साथ टीम से जुड़ गए हैं। वहीं, गेंदबाजी कोच जैकब ओरम, बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच क्रिस डोनाल्डसन टेस्ट मैचों की तैयारी के लिए वेलिंगटन रवाना हो गए हैं।

चौथे वनडे के लिए न्यूजीलैंड की टीम: मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, क्रिस्टियन क्लार्क, जैकब डफी, मैट फिशर, डीन फाक्सक्राफ्ट, मिच हे (विकेटकीपर), मैट हेनरी, काइल जैमीसन, निक केली, ब्रेट रैंडेल, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर) और विल यंग।

पांचवें वनडे के लिए न्यूजीलैंड की टीम: मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, क्रिस्टियन क्लार्क, जोश क्लार्कसन, जैकब डफी, मैट फिशर, डीन फाक्सक्राफ्ट, मिच हे (विकेटकीपर), निक केली, ब्रेट रैंडेल, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), ब्लेयर टिकनर और विल यंग।

आर्यवीर सहवाग और अन्वय द्रविड़ के सामने अलग पहचान बनाने की दोहरी चुनौती



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के दो महान दिग्गजों, वीरेंद्र सहवाग और राहुल द्रविड़, जिन्होंने अपने खेल से अनगिनत प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई, अब उनके बेटों - आर्यवीर सहवाग और अन्वय द्रविड़ ने भी क्रिकेट के मैदान पर कदम रखा है। इन युवा खिलाड़ियों के सामने अपने पिता की अविश्वसनीय विरासत को आगे बढ़ाने के साथ-साथ अपनी एक अलग पहचान स्थापित करने की दोहरी चुनौती है, जिसने क्रिकेट जगत में उत्सुकता पैदा कर दी है। हाल ही में अंडर-19 एशिया कप में आर्यवीर सहवाग ने यूएई के खिलाफ एक शानदार शतकीय पारी खेलकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने 168 गेंदों पर 160 रन बनाए, जिसमें 17 चौके और 7 छक्के शामिल थे, जो उनकी आक्रामक शैली और बड़े स्कोर बनाने की क्षमता को दर्शाता है। वे नियमित रूप से क्रिकेट अकादमी में अभ्यास करते हैं और उनके पिता वीरेंद्र सहवाग स्वयं भी उन्हें प्रशिक्षण देते हैं। दिलचस्प बात यह है कि वीरेंद्र सहवाग चाहते थे कि आर्यवीर क्रिकेट के बजाय फुटबाल खेलें, लेकिन बेटे का रुझान आखिरकार क्रिकेट की ओर रहा।

वर्ल्ड टेनिस लीग का पांचवां सत्र 17 से 20 दिसंबर तक, बेंगलुरु करेगा मेजबानी

बेंगलुरु

वर्ल्ड टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) का पांचवां सत्र 17 से 20 दिसंबर तक बेंगलुरु में आयोजित होगा। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय टेनिस सितारों के साथ भारत के शीर्ष और उभरते खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन केएसएलटीए के एस.एम. कृष्णा टेनिस स्टेडियम में किया जाएगा।

आइकोनिक स्पोर्ट्स एंड इवेंट्स द्वारा लाइसेंस प्राप्त और संचालित यह लीग अपने पांचवें सत्र में प्रवेश कर रही है। आयोजकों के अनुसार, पिछले पांच सत्रों में इस लीग ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस के कई बड़े नामों को एक मंच पर लाकर भारतीय टेनिस प्रतियोगिताओं में अपनी अलग पहचान बनाई है।

पिछले सत्र में हिस्सा लेने वाले कई खिलाड़ी एक बार फिर डब्ल्यूटीएल में वापसी करेंगे। इनमें पाउला बडोसा, युकी भांबरी, सुमित नागल, दक्षिणेश्वर सुरेश, माया राजेश्वरन रेवती और श्रिवल्ली भामिदिपति शामिल हैं। इनके अलावा इस सत्र में स्थापित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं का मिश्रण देखने को मिलेगा।

हर सत्र के साथ लीग का स्तर बढ़ाने की कोशिश : महेश भूपति - वर्ल्ड टेनिस लीग के सह-संस्थापक महेश भूपति ने कहा, पिछला सत्र वर्ल्ड टेनिस लीग के लिए एक रोमांचक अध्याय



रहा। इसमें अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं और भारतीय खिलाड़ियों का शानदार मिश्रण देखने को मिला, जिन्होंने कुछ यादगार टेनिस मुकाबले पेश किए। प्रशंसकों की प्रतिक्रिया और प्रतियोगिता के आसपास का उत्साह एक विशिष्ट वैश्विक टेनिस आयोजन तैयार करने के हमारे दृष्टिकोण को मजबूती देता है।

उन्होंने कहा, पांचवें सत्र में प्रवेश करते हुए हमारा लक्ष्य इस गति को आगे बढ़ाना, लीग को नए दर्शकों तक पहुंचाना और प्रत्येक संस्करण के साथ इसका स्तर और ऊंचा करना है।

बेंगलुरु में वापसी को लेकर उत्साहित : हेमाली शर्मा - लीग की सह-संस्थापक हेमाली शर्मा ने कहा, हमें वर्ल्ड टेनिस लीग को फिर से बेंगलुरु लाकर बेहद खुशी हो रही है। इस शहर की खेल संस्कृति मजबूत है और यहां टेनिस के प्रशंसकों की अच्छी संख्या है। ऐसे में यह पांचवें सत्र के लिए एक शानदार आयोजन स्थल है।

उन्होंने कहा, इस बार भी प्रतियोगिता में कुछ बेहतरीन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ भारत की स्थापित और उभरती टेनिस प्रतिभाएं एक मंच पर आएंगी। हम प्रशंसकों को एक यादगार अनुभव देने के साथ-साथ भारत में टेनिस प्रतिभा की गहराई का जश्न मनाने और एक और रोमांचक सत्र के लिए शानदार खिलाड़ियों को एक साथ लाने के लिए उत्सुक हैं। आयोजकों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता और भारत में मजबूत होते टेनिस ढांचे के बीच डब्ल्यूटीएल अंतरराष्ट्रीय टेनिस को भारतीय प्रशंसकों के करीब लाने का मंच बन रही है। साथ ही यह भारतीय उभरते खिलाड़ियों को वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी देती है। पांचवें सत्र के खिलाड़ियों और टीमों की पूरी सूची आने वाले दिनों में घोषित की जाएगी।

फीफा ने 2031 और 2035 महिला विश्व कप की मेजबानी के लिए बोली मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की

नई दिल्ली

फीफा ने 2031 और 2035 महिला फुटबाल विश्व कप की मेजबानी के लिए पेश की गई संयुक्त बोलियों की मूल्यांकन रिपोर्ट जारी कर दी है। दोनों बोलियों ने मेजबानी के लिए निर्धारित न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा किया है। अब इस महीने के अंत में फीफा के सदस्य इन पर मतदान करेंगे।

2031 विश्व कप की मेजबानी के लिए अमेरिका, मैक्सिको, कोस्टा रिका और जमैका ने संयुक्त बोली पेश की है। वहीं, 2035 संस्करण के लिए इंग्लैंड, स्काटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड ने मिलकर दावेदारी की है। फीफा की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, दोनों बोलियां 23 नवंबर को होने वाली फीफा की विशेष कांग्रेस में मतदान के लिए योग्य हैं।

2031 विश्व कप में 45 लाख दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद - फीफा की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2031 विश्व कप की बोली मजबूत आधार पर तैयार की गई है। अमेरिका हाल ही में मैक्सिको और कनाडा के साथ पुरुष विश्व कप की संयुक्त मेजबानी कर चुका है। इसके अलावा उसने 2025 में क्लब विश्व कप का भी आयोजन किया था। 2031 महिला विश्व कप में करीब 45 लाख दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है।

चारों देशों की संयुक्त बोली में कुल 20 स्टेडियमों को प्रस्तावित मेजबान स्थल के रूप में शामिल किया गया है। इनमें 14 स्टेडियम अमेरिका, चार मैक्सिको और एक-एक जमैका तथा कोस्टा रिका में हैं। प्रस्ताव में शामिल वाशिंगटन डीसी का नया आरएफके स्टेडियम अभी निर्माणाधीन है, जबकि अन्य प्रस्तावित स्थल पहले से मौजूद हैं।

फाइनल मुकाबले की मेजबानी के लिए चार स्टेडियमों के नाम प्रस्तावित किए गए हैं। इनमें अटलांटा का मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम, डलास के पास स्थित एटी एंड टी स्टेडियम, लास एंजिलिस का सोफाई स्टेडियम और न्यू जर्सी के ईस्ट



रदरफोर्ड स्थित मेटलाइफ स्टेडियम शामिल हैं।

अमेरिका के प्रस्तावित सात स्टेडियमों और मैक्सिको के एक स्टेडियम में कृत्रिम सतह है। विश्व कप मुकाबलों के आयोजन के लिए इन सभी मैदानों पर प्राकृतिक घास लगानी होगी। इस साल पुरुष विश्व कप के दौरान भी सिएटल के ल्यूमेन फील्ड सहित कई स्टेडियमों में अस्थायी रूप से प्राकृतिक घास की पिचें तैयार की गई थीं।

फीफा ने बताया कि अमेरिकी सरकारी एजेंसियों ने समर्थन पत्र भेजकर आव्रजन, वीजा, कार्य परमिट और सुरक्षा जैसी आवश्यकताओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है।

फीफा ने रिपोर्ट में कहा, इसलिए, हालांकि कुछ प्रतिबद्धताओं के लिए आगे और बातचीत की आवश्यकता है, लेकिन यह भरोसा करने का मजबूत आधार है कि संबंधित सरकारी एजेंसियों के साथ निरंतर संवाद और सहयोग से टूर्नामेंट का सफल आयोजन और संचालन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी, यदि बोली सफल रहती है।

2035 विश्व कप के लिए 15 शहर और 19 स्टेडियम प्रस्तावित - 2035 विश्व कप के लिए चारों मेजबान देशों ने अपनी संयुक्त बोली की थीम आल टुगेदर रखी है। फीफा की रिपोर्ट के अनुसार, यह बोली चारों सदस्य संघों की साझा प्रतिबद्धता और बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी के उनके अनुभव पर आधारित है। इसमें यूईएफए महिला यूरो 2022 और यूईएफए यूरो 2028 का उल्लेख किया गया है।

इस टूर्नामेंट के लिए चारों देशों में 15 मेजबान शहर और 19 स्टेडियम प्रस्तावित किए गए हैं। इनमें इंग्लैंड के 14, आयरलैंड के दो, स्काटलैंड का एक और वेल्स के दो स्टेडियम शामिल हैं। फाइनल मुकाबला लंदन के वेम्बले स्टेडियम में कराने का प्रस्ताव है।

ब्राजील में होने वाले अगले महिला विश्व कप का ड्रा 11 दिसंबर को - फीफा ने अगले वर्ष ब्राजील में होने वाले महिला विश्व कप के ड्रा की प्रक्रिया की भी घोषणा की। टूर्नामेंट का ड्रा 11 दिसंबर को रियो डी जेनेरियो में आयोजित किया जाएगा। ड्रा के लिए टीमों को आठ-आठ के चार पाट में रखा जाएगा। रैंकिंग में शीर्ष चार स्थानों पर रहने वाली टीमों को इस तरह अलग-अलग ग्रुप में रखा जाएगा कि यदि वे अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहती हैं, तो टूर्नामेंट के अंतिम चरण से पहले उनका आमना-सामना नहीं होगा।